समाधान दिवस में आयीं शिकायतों का तत्काल हो निस्तारण-डीएम

कौशाम्बी। जनपद की तीनों तहसीलों में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल १२७ शिकायतें सामने आईं। इनमें सिर्फ १४ का ही मौके पर निस्तारण किया गया। शेष प्रकरणों में फरियादियों को तारीख दे दी गई। हालांकि, डीएम-एसपी ने संयुक्त टीम गठित कर राजस्व की शिकायतों के निस्तारण का निर्देश दिया है। डीएम डॉ. अमित पाल शर्मा और पुलिस कप्तान सत्यनारायण प्रजापत ने मंझनपुर तहसील में जनसुनवाई की। डीएम ने सभी अधिकारियों को तहसील दिवस में प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत प्राप्त प्रार्थना-पत्रों पर संबंधित अधिकारियों को ऑनलाइन आवेदन कराकर पात्रता की स्थिति में लाभान्वित करने के भी निर्देश दिए। यहां कुल ३१ शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से चार शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार तहसील सिराथू में कुल ५६ शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से छह शिकायतों का निस्तारण मौके पर निपटारा किया गया। चायल तहसील में ३१ शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से चार शिकायतों का निस्तारण मौके पर निस्तारण किया गया।



जनता की शिकायत सुनते डीएम।

सभी तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी डा० अमित पाल एवं पुलिस अधीक्षक सत्य नारायण ने तहसील मंझनपुर में जनशिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर भेजकर शिकायत को निस्तारित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को तहसील दिवस में प्राप्त शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारित करने के निर्देश देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि कोई भी शिकायत लम्बित न होने पाये। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत प्राप्त प्रार्थना-पत्रों पर संबंधित अधिकारियों को ऑनलाइन आवेदन कराकर पात्रता की स्थिति में लाभान्वित करने के भी निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल ३१ शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से ०४ शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार तहसील सिराथू कुल ५६ शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से ०६ शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। तहसील चायल कुल ३० शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से ०४ शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया।

शादी का झांसा देकर युवती से दो साल तक किया दुराचार

न्यायालय के आदेश के बाद पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

चायल,कौशाम्बी। पिपरी थाना क्षेत्र के एक कस्बे में पड़ोसी युवक ने युवती को शादी का झांसा देकर दो सालों तक शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद शादी नहीं किया। रिश्ता अन्य गांव में हुआ तो विवाह के छह दिन बाद ही उसका बसा बसाया घर उजाड़ दिया। पीडिता ने पुलिस को तहरीर दी। स्थानीय पुलिस ने कार्रवाई नहीं की तो पीडिता ने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर शुक्रवार को पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

पिपरी में एक कस्बा निवासी युवती ने बताया कि मोहल्ले का सूरज पासी ने करीब दो वर्ष पहले उससे शादी करने का वादा किया था। आरोप है कि पांच मार्च २०२४ की रात आठ बजे फोन करके बुलाया और विरोध के बावजूद जबरन शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद शादी का भरोसा देकर उसका शारीरिक शोषण करता रहा। इस बीच परिजन ने छह जुलाई २०२६ को युवती की शादी एयरपोर्ट क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक से कर दिया। आरोप है कि शादी के छह दिन बाद सूरज उसकी ससुराल पहुंचा। वहां लोगों से युवती के साथ संबंध होने की बात कहते हुए पति को जान से मारने की धमकी दी। इसकी जानकारी होने पर पति ने युवती को छोड़ दिया और दहेज का सामान भी लौटा दिया। पीडिता का आरोप है कि बाद में विवाद होने पर उसके चचेरे भाई से मारपीट भी की गई। शिकायत के बावजूद पिपरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। पीडिता ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। न्यायालय के आदेश पर पिपरी पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

निपुण परीक्षा की तैयारी को लेकर शिक्षक संकुलों का क्षमता संवर्धन

संकुल बैठकों को प्रभावी बनाने और विद्यालयों को आदर्श बनाने पर दिया गया जोर, शिक्षकों को अकादमिक सहयोग देने की बनी कार्ययोजना

कड़ा,कौशाम्बी। आगामी संकुल बैठकों को अधिक प्रभावी बनाने और निपुण परीक्षा की बेहतर तैयारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लेंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन ने बीएसए कार्यालय के सहयोग व समन्वय से कड़ा ब्लाक के बीआरसी सभागार में शनिवार को एक दिवसीय शिक्षक संकुल क्षमता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन किया। खंड शिक्षा अधिकारी नीरज कुमार उमराव के निर्देशन में आयोजित कार्यशाला में संकुल बैठकों की गुणवत्ता बढ़ाने, शिक्षकों को प्रभावी अकादमिक सहयोग उपलब्ध कराने और निपुण लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करने पर जोर दिया गया।



शिक्षकों को प्रशिक्षण देते अधिकारी ।

कार्यशाला में एसआरजी दिलीप तिवारी ने कहा कि विद्यालयों में संकुल बैठकों का संचालन रोचक, उद्देश्यपूर्ण और प्रभावी तरीके से किया जाना चाहिए। शिक्षक संकुल अपनी जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करें, जिससे इन बैठकों के माध्यम से शिक्षकों को शिक्षण संबंधी समस्याओं के समाधान और बेहतर कार्यप्रणाली अपनाने का अवसर मिल सके। उन्होंने नोडल संकुलों को अपने अधीन विद्यालयों को आदर्श बनाने की दिशा में आवश्यक कदम उठाने के लिए प्रेरित किया। वहीं, एआरपी विनोद शुक्ल ने गुणवत्तापूर्ण संकुल बैठक के आयोजन की प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की।

उन्होंने बताया कि बैठक को सफल बनाने के लिए आयोजन से पहले की तैयारी, बैठक के दौरान प्रभावी संवाद और शैक्षणिक विषयों पर चर्चा व बैठक के बाद कार्ययोजना के क्रियान्वयन और प्रगति की समीक्षा पर विशेष ध्यान देना जरूरी है।

उन्होंने कहा कि संकुल बैठकें केवल सूचनाओं के आदान-प्रदान तक सीमित न रहें, बल्कि शिक्षकों की शैक्षणिक दक्षता बढ़ाने और बच्चों के सीखने के स्तर में सुधार का माध्यम बनें।

कार्यशाला में निपुण परीक्षा के उद्देश्य, तैयारी की रणनीति और अपेक्षित दक्षताओं पर चर्चा की गई। साथ ही बच्चों की वर्तमान शैक्षणिक स्थिति का आकलन करने, सीखने में आ रहे अंतराल की पहचान करने और बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान (एफएलएन) को मजबूत बनाने के लिए प्रभावी शिक्षण-अधिगम गतिविधियों पर जोर दिया गया। विद्यालय स्तर पर नियमित अभ्यास, बच्चों की प्रगति की समीक्षा और आवश्यकतानुसार शिक्षण रणनीतियों में बदलाव करने की जरूरत भी बताई गई। कार्यशाला में लेंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन की आरती वर्मा और श्वेता सिंह और कड़ा ब्लाक की अकादमिक समन्वयक रेशमा बानो सहित ब्लाक के सभी एआरपी मौजूद रहे।

पड़ोसी ने परिजनों के साथ मामूली विवाद में सास-बहू को पीटा

चायल,कौशाम्बी। संदीपन घाट थाना क्षेत्र के कयामुद्दीन पुर गांव में शुक्रवार की रात मामूली विवाद में पड़ोसी ने परिवार के साथ मिलकर सास और बहू के साथ गाली-गलौच कर उनकी पिटाई कर दी। लोगों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। घायलों ने थाने जाकर आरोपियों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

कयामुद्दीनपुर गांव की संदीपा देवी पत्नी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि उसका पति शुक्रवार की रात दुर्गा पूजा में गया था।वहां किसी बात को लेकर पड़ोसी से उसका विवाद हो गया। विवाद के बाद वह घर लौट आया। कुछ देर के बाद पड़ोसी अपने परिवार के साथ उसके घर पहुंचा और उसी मामले को लेकर गाली गलौच करना शुरु कर दिया। आरोप है कि गाली का विरोध करने पर उन्होंने महिला की जमकर पिटाई कर दी। बहू को बचाने पहुंची सास मनोरमा को भी पीटा। लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। घायलों ने थाने जाकर आरोपियों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है। जब कि पीडित का कहना है, कि उसने तहरीर दिया है, अभी तक उसकी तहरीर को दर्ज नहीं किया गया। मामले को लेकर थानाध्यक्ष से बात किया गया तो उनका कहना है, कि घटना की जानकारी हुई है, पीडित की ओर से तहरीर मिली है, घटना की जांच कराया जा रहा है, आरोप सही पाये जाने पर आरोपियों के खिलाफ विधिक कारवाई किया जायेगा।

भाकियू के धरने के बाद तीन किसानों को मिले ट्रांसफार्मर

कौशाम्बी। किसानों को ट्रांसफॉर्मर नहीं मिलने के विरोध में भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) ने शनिवार को बिजली विभाग के स्टोर परिसर में धरना दिया। जिलाध्यक्ष नूरुल इस्लाम के नेतृत्व में किसान सुबह ११ बजे से धरने पर बैठे गए। इस दौरान अधिकारियों से वार्ता के बाद तीन किसानों को मौके पर ट्रांसफॉर्मर दिए गए, जिसके बाद संगठन ने धरना समाप्त करने की घोषणा की। जिलाध्यक्ष नूरुल इस्लाम ने बताया कि नौ अक्तूबर को तहसील मंझनपुर की मासिक बैठक में किसानों को ट्रांसफॉर्मर नहीं मिलने का मामला सामने आया था। आरोप था कि किसानों को खंभे और तार तो उपलब्ध करा दिए गए, लेकिन ट्रांसफॉर्मर दूसरे जनपदों और वर्कशॉप भेजे जा रहे थे। इस संबंध में एसडीओ हरियन को ज्ञापन सौंपकर १७ अक्तूबर तक वितरण शुरू नहीं होने पर स्टोर परिसर में धरना देने की चेतावनी दी गई थी। निर्धारित समय तक वितरण शुरू नहीं होने पर शनिवार को संगठन ने धरना शुरू कर दिया। इसके बाद अधिकारियों ने उच्चाधिकारियों से बातचीत की और शोभा देवी, शिवचरण तथा खोजवती देवी को किसानों के सामने ट्रांसफॉर्मर सौंपे गए। नूरुल इस्लाम ने कहा कि संगठन की मांग किसी खास किसान को प्राथमिकता दिलाने की नहीं, बल्कि जिन किसानों की रसीद और क्रम पहले है, उन्हें उसी सीरियल के अनुसार ट्रांसफॉर्मर उपलब्ध कराने की है। अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि शनिवार से क्रमवार वितरण शुरू किया जाएगा और एक महीने के भीतर लंबित मामलों का निस्तारण किया जाएगा। धरने के दौरान देवराज दिवारी, सूरज भान यादव, बृजेश तिवारी, चंद्र भूषण, धर्मराज तिवारी, राजकुमारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

शिक्षक पर बच्चें को गाली देने का आरोप

चायल,कौशाम्बी। स्थानीय विकास खंड के चलौली गांव स्थित कम्पोजिट विद्यालय में तैनात एक शिक्षक पर बच्चों के साथ गाली-गलौज करने का आरोप लगा है। मामला सामने आने के बाद शनिवार सुबह एसडीएम प्रेरणा गौतम और खंड शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार विद्यालय पहुंचकर जांच की।

चलौली स्थित कम्पोजिट विद्यालय परिसर में शुक्रवार दोपहर कक्षा पांच और सात के कुछ बच्चे फुटबॉल खेल रहे थे। इसी दौरान गेंद शिक्षक दिव्यांशु बिन्द को छू गई। इससे नाराज होकर शिक्षक बच्चों को गाली-गलौज करने लगे। साथी अध्यापकों ने उन्हें समझाकर मामला शांत कराया। छुट्टी के बाद घर पहुंचे बच्चों ने परिजनों को घटना की जानकारी दी तो हड़कंप मच गया। मामले की जानकारी मिलने पर शनिवार सुबह एसडीएम और बीईओ विद्यालय पहुंचे और प्रकरण की जांच की। अधिकारियों के पहुंचने से विद्यालय में हलचल मची रही। जब कि शिक्षक पर लगाये गये आरोप सही है, या नहीं इस बारे में अधिकारी अभी कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है, उनका कहना है, जांच रिपोर्ट तैयार नहीं है।

घर में घुसकर छात्राओं से छेड़खानी विरोध पर लाठी-डंडों से पीटा, मुकदमा दर्ज

चायल,कौशाम्बी। पिपरी थाना क्षेत्र के एक कस्बे में घर के अंदर पढ़ाई कर रही चार छात्राओं के साथ कथित छेड़खानी और मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि शुक्रवार शाम शराब के नशे में पहुंचे युवकों ने छात्राओं पर साथ चलने का दबाव बनाया। विरोध करने पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में एक छात्रा का बायां हाथ टूटने की बात कही गई है। पीडित पक्ष ने आरोपितों पर कपड़े फाड़ने और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। मामले में पुलिस ने छह नामजद समेत कुल १० आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीडिता की मां के मुताबिक उनकी चारों बेटियां डिग्री कॉलेज में पढ़ती हैं। शुक्रवार शाम करीब साढ़े सात बजे सभी घर में बैठकर पढ़ाई कर रही थीं। इसी दौरान मोहल्ले के सुनील,अनीश,शिवकुमार, प्रमोद,मिटू और भंवर सिंह चार-पांच अन्य युवकों के साथ कथित तौर पर घर में घुस आए।आरोप है कि युवकों ने छात्राओं से मोबाइल पर वीडियो बनाने के लिए साथ चलने को कहा और इसके बदले रुपये दिलाने का प्रलोभन दिया। छात्राओं ने जब इसका विरोध किया तो आरोपित गाली-गलौज करने लगे और लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी।आरोप है कि इस दौरान छात्राओं के कपड़े भी फाड़ दिए गए। मारपीट में बड़ी बेटी का बायां हाथ टूट गया। शोरगुल सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पीडिता की मां का आरोप है कि संबंधित युवक पहले भी बेटियों के कॉलेज आते-जाते समय रास्ते में छेड़खानी करते थे और शिकायत करने पर जबरन उठा ले जाने की धमकी देते थे। घटना के बाद से छात्राएं भयभीत हैं। परिजनों ने आरोपितों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। सीओ शिवांक सिंह ने बताया कि पीडिता की तहरीर के आधार पर छह नामजद समेत १० लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

युवक ने घर में सो रही विधवा से किया दुराचार का प्रयास

चायल,कौशाम्बी। एयरपोर्ट थानाक्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार की रात घर के अंदर सो रही विधवा महिला के साथ युवक ने दुराचार का प्रयास किया। उसके शोर मचाने पर युवक जान से मारने की धमकी देता हुआ भाग निकला। पीड़िता ने थाने जाकर आरोपी युवक के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस शिकायत की छानबीन में जुट गई है।

एयरपोर्ट क्षेत्र के एक गांव की महिला ने बताया कि पति के निधन हो जाने के बाद वह अपनी छोटी बेटी के साथ घर पर रहती है।शुक्रवार की रात वह अपनी बेटी के साथ बरामदे में सो रही थी। इसी दौरान पड़ोसी युवक दीवार फांदकर घर के अंदर पहुंचा और उसके साथ दुराचार का प्रयास करने लगा। आरोप है कि युवक ने जबरन उसका कपड़ा फाड़ दिया। महिला के शोर मचाने पर युवक किसी से बताने पर जान से मारने की धमकी देता हुआ भाग निकला।

पीड़ित विधवा महिला ने थाने जाकर आरोपी युवक के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस शिकायत की छानबीन में जुट गई है।

परशुराम-लक्ष्मण संवाद ने दर्शकों को किया भावविभोर



गुवारा गांव में रामलीला में मंचन करते कलाकार

करारी,कौशाम्बी। गुवारा तैयबपुर की रामलीला महोत्सव में शुक्रवार रात परशुराम-लक्ष्मण संवाद, राम विवाह और राम कलेवा की लीला का भावपूर्ण मंचन किया गया। कलाकारों के सजीव अभिनय ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंचन के दौरान जनकपुर में पहुंचे परशुराम शिव धनुष टूटा देखकर क्रोधित हो उठे। उन्होंने कहा कि जिसने भी शिव धनुष तोड़ा है, वह सामने आए, अन्यथा यहां मौजूद सभी राजाओं को इसका परिणाम भुगतना पड़ेगा। इस पर लक्ष्मण ने व्यंग्य करते हुए कहा कि बचपन में उन्होंने कई धनुष तोड़े हैं, फिर इस धनुष पर इतनी ममता क्यों दिखाई जा रही है। दोनों के बीच काफी देर तक तीखा संवाद चलता रहा। इसके बाद श्रीराम ने परशुराम के धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाकर उनका भ्रम दूर किया। इसके बाद राम विवाह की लीला का मंचन हुआ। राम कलेवा के दृश्य ने भी दर्शकों का मन मोह लिया। पूरा रामलीला परिसर जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। इस मौके पर अध्यक्ष आकाश जायसवाल, निर्देशक सुभाष विश्वकर्मा, कमलेश यादव, मानसिंह यादव, फूलचंद वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

दरोगा की कुर्सी पर बैठकर रौब गांठने की तस्वीर वायरल

महगांव,कौशाम्बी। संदीपन घाट थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली हर्रायपुर पुलिस चौकी इन दिनों खाकी की गरिमा को तार-तार करने वाले एक मामले को लेकर सुर्खियों में है। पुलिस चौकी के भीतर दरोगा की कुर्सी पर बैठकर एक बाहरी युवक द्वारा फोटो खिंचवाने और उसके प्रसार का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इस घटना ने पुलिस महकमे की कार्यप्रणाली अनुशासन और चौकी की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

छबीलवा निवासी रिंकू यादव नामक युवक की एक तस्वीर इन दिनों क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। वायरल तस्वीर में युवक बेधड़क पुलिस चौकी के भीतर चौकी प्रभारी की कुर्सी पर आसीन नजरआ रहा है। आरोप है कि इस प्रकार की तस्वीरें खिंचवाकर और प्रसारित कर युवक क्षेत्र में अपना प्रभाव रसूख और दबदबा कायम करने का प्रयास कर रहा है। स्थानीय स्तर पर यह चर्चा जोरों पर है कि आखिर किस हनक के बल पर युवक ने इस कृत्य को अंजाम दिया पुलिस चौकी कानून व्यवस्था न्याय और अनुशासन का केंद्र माना जाता है। ऐसे संवेदनशील शासकीय स्थल पर किसी बाहरी व्यक्ति का सीधे पुलिस अधिकारी की कुर्सी तक पहुंच जाना और वहां बैठकर फोटोशूट कराना विभागीय अनुशासनहीनता की पराकाष्ठा है। इस प्रकरण में हर्रायपुर चौकी प्रभारी की भूमिका भी सीधे तौर पर संदेह के घेरे में है। यह गंभीर जांच का विषय है कि क्या यह कृत्य चौकी प्रभारी की मौन सहमति या मिलीभगत से हुआ या फिर ड्यिूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों की भारी लापरवाही का परिणाम है। क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों और आमजन ने इस घटना को पुलिस विभाग की छवि धूमिल करने वाला करार दिया है। लोगों का कहना है कि अगर इस प्रकार की प्रवृत्ति पर समय रहते रोक नहीं लगाई गई तो अपराधियों और दबंग किस्म के तत्वों के हौसले और अधिक बुलंद होंगे। मामले की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्रवासियों ने जिला पुलिस के उच्चाधिकारियों से इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराकर संलिप्त पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

गाजे-बाजे और भव्य झांकियों के साथ निकली श्रीराम बारात

सराय अकिल,कौशाम्बी। सराय अकिल कस्बे में शुक्रवार को श्रीरामलीला कमेटी के तत्वावधान में भगवान श्रीराम की भव्य बारात निकाली गई। गाजे-बाजे, डीजे की धुन और आकर्षक झांकियों के बीच निकली बारात में श्रद्धालु भक्ति में झूमते और जय श्रीराम के जयकारे लगाते नजर आए। बारात के स्वागत में जगह-जगह लोगों ने पुष्पवर्षा की और पूजा-अर्चना कर भगवान श्रीराम का आशीर्वाद लिया। श्रीराम लीला कमेटी के अध्यक्ष गोपाल जी केसरवानी ने कमेटी के सदस्यों के साथ विधि-विधान से पूजन कर बारात को रवाना किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष डॉ. आशीष श्रीवास्तव ने भी पूजा-अर्चना कर भगवान श्रीराम का आशीर्वाद लिया।

बारात रामलीला मैदान से निकलकर चावल मंडी, सब्जी मंडी, भगौतीगंज और पटेल चौराहा सहित कस्बे के प्रमुख मार्गों से गुजरी। रास्ते में भक्तों के लिए जलपान की व्यवस्था भी की गई। गाजे-बाजे की धुन पर श्रद्धालु नाचते-झूमते रहे और पूरा कस्बा राममय नजर आया। वही कस्बे के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करने के बाद श्रीराम बारात नगर हितकारिणी चबूतरे पर पहुंची। यहां आचार्य गिरीश दास और श्याम किशोर सेन के नेतृत्व में विधि-विधान के साथ भगवान श्रीराम का विवाह संपन्न कराया गया। लोगों ने भगवान श्रीराम और माता सीता के विवाहोत्सव का आनंद लिया। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष अनूप सिंह, कमेटी के कोषाध्यक्ष शंकर लाल केसरवानी, मंत्री दीपक श्रीवास्तव, कृष्ण नारायण रस्तोगी, अनिल केसरवानी, संतोष सोनी, निखिल केसरवानी, सतीश जायसवाल, नितिन केसरवानी, बच्चा केसरवानी, विकास केसरवानी (सीताराम), व्यापार सभा के नगर अध्यक्ष विजय रस्तोगी सहित श्रीरामलीला कमेटी के सदस्य, श्रद्धालु और बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे।

नगर पालिका परिषद भरवारी के एनडी कॉलोनी स्थित पूजा पंडाल में इन दिनों नौ दिवसीय राम कथा का मानस प्रवचन चल रहा है। प्रवचन में कथावाचक श्रीधाम वृंदावन से पधारे अतुल कृष्ण भार्गव ने सातवें दिन भगवान राम वनवास की कथा सुनाई। जिसे सुनकर कई श्रद्धालु भावुक हो गए। कथावाचक के अनुसार भगवान राम ने पिता की आज्ञा मानकर राज-सुख त्याग दिया और वन चले गए। कैकेयी के वरदान से मिले १४ वर्ष के वनवास को उन्होंने ईश्वर की लीला मानकर स्वीकार किया। उन्होंने मंच से कहा कि रामचरित सिखाता है कि माता-पिता की आज्ञा मानना ही सबसे बड़ी भक्ति है।

२०० मीटर तक उखड़ी सड़क स्कूली बच्चे और ग्रामीण परेशान

कौशाम्बी। शमशाबाद में अमृत सरोवर तालाब के बगल से बनी डामर सड़क लगभग २०० मीटर तक उखड़ चुकी है। सड़क पर कई जगह गड्ढे होने के कारण ग्रामीणों और राहगीरों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिम्मेदार हैं कि ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर तनिक भी संजीदा नहीं दिख रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार इसी मार्ग से पांच स्कूलों के बच्चे प्रतिदिन पढ़ने के लिए आते-जाते हैं। सड़क की खराब स्थिति के कारण बच्चों को भी परेशानी उठानी पड़ती है। गड्ढों के चलते हादसों की आशंका बनी रहती है। वहीं दोपहिया वाहन चालकों और पैदल चलने वाले लोगों को भी काफी सावधानी बरतनी पड़ती है। खास बात यह है कि तीन दिन बाद शमशाबाद में दशहरे का मेला लगने वाला है। मेले में हजारों की संख्या में लोग पहुंचकर दशहरा देखेंगे। ऐसे में खराब सड़क के कारण मेले में आने-जाने वाले लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। ग्रामीणों का कहना है कि मेले से पहले सड़क की मरम्मत कराई जानी चाहिए, ताकि स्कूली बच्चों, स्थानीय निवासियों और मेले में आने वाले लोगों को राहत मिल सके।

मेडिकल कालेज कौशाम्बी में छात्राओं को मिला चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य जागरूकता का ज्ञान

कौशाम्बी। प्रधानाचार्य प्रो० डा० हरिओम कुमार सिंह ने बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनने और अपने लक्ष्य हासिल करने के लिए किया प्रेरित।

मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत स्वशासी राज्य चिकित्सा महा विद्यालय, कौशाम्बी में उच्च प्राथमिक विद्यालय कादीपुर की छात्राओं के लिए शैक्षणिक भ्रमण एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं को चिकित्सा शिक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास विकसित करने और भविष्य में अपने लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो. डॉ. हरिओम कुमार सिंह ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य और आत्मनिर्भरता सशक्त समाज के निर्माण की आधारशिला हैं। उन्होंने किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक एवं मानसिक परिवर्तनों, व्यक्तिगत स्वच्छता, संतुलित पोषण, सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं से बचाव तथा स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने छात्राओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने, शिक्षा को प्राथमिकता देने और आत्मविश्वास के साथ अपने सपनों को साकार करने के लिए निरंतर प्रयास करने का संदेश दिया। प्रधानाचार्य ने कहा कि बालिकाओं को उचित मार्गदर्शन, प्रोत्साहन और समान अवसर उपलब्ध कराए जाएं तो वे जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकती हैं। उन्होंने छात्राओं को बड़े लक्ष्य निर्धारित करने और शिक्षा के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित किया। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान छात्राओं को महा विद्यालय के एनाटॉमी, फिजियोलॉजी, बायोकेमिस्ट्री, फॉरेंसिक मेडिसिन, पैथोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, कम्युनिटी मेडिसिन एवं फार्माकोलॉजी विभागों का अवलोकन कराया गया। छात्राओं को मानव शरीर की संरचना एवं कार्यप्रणाली, रोगों की पहचान, प्रयोगशाला जाँच, औषधियों के महत्व तथा रोगों की रोकथाम से संबंधित जानकारी दी गई। इस दौरान छात्राओं को चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं की कार्यप्रणाली को नजदीक से समझने का अवसर मिला। उन्होंने विभिन्न विभागों के बारे में जानकारी प्राप्त की और उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में सहभागिता की। इस पहल से छात्राओं में चिकित्सा क्षेत्र के प्रति रुचि बढ़ाने तथा भविष्य में करियर के नए अवसरों को समझने में सहायता मिली।



छात्राओं को जागरूक करते मेडिकल कालेज के प्राचार्य।

बालिकाओं के सशक्तीकरण पर दिया गया विशेष जोर

कौशाम्बी। मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत आयोजित यह कार्यक्रम बालिकाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और आत्मविश्वास के प्रति जागरूक करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल रहा। कार्यक्रम ने छात्राओं को अपने भविष्य के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने तथा आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का मूल संदेश रहा कि 'बेटियाँ सशक्त होंगी, तभी समाज और राष्ट्र सशक्त होगा। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो. डॉ. हरिओम कुमार सिंह के निर्देशन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर उच्च प्राथमिक विद्यालय कादीपुर, कौशाम्बी की प्रधानाचार्य सविता देवी, सहायक अध्यापक पूजा सिंह पटेल तथा अनुदेशक सुषमा देवी उपस्थित रहीं।

सर्विस लेन से हटाया अतिक्रमण, दी चेतावनी

कौशाम्बी। नगर पंचायत अजुहा में नेशनल हाईवे किनारे स्थित सर्विस लेन से शनिवार को अतिक्रमण हटवाया गया। सैनी थाने की पुलिस और एनएचएआई की टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की। इस दौरान अतिक्रमणकारियों को पुनः कब्जा करने पर कार्रवाई का अल्टीमेटम दिया गया। अभियान के दौरान सर्विस लाइन पर ठेला लगाकर दुकान संचालित करने वाले दुकानदारों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि वे सर्विस लेन को खाली रखें। अधिकारियों ने कहा कि सर्विस लेन पर ठेले लगाने से पैदल चलने वाले लोगों व मोटरसाइकिल सवारों को आवागमन में परेशानी होती है। साथ ही यातायात व्यवस्था भी प्रभावित होती है।

मां कालरात्रि की आराधना से भक्तिमय हुई तपोभूमि

कौशाम्बी। जिले में शनिवार को सप्तमी के स्वरूप में भक्तो ने मां की पूजा अर्चना किया। शक्तिपीठ कड़ा धाम समेत जिले के सभी देवी मंदिरों में भोर से ही दर्शन-पूजन के लिए भक्तों का तांता लग गया। घंटे-घडियाल की ध्वनि, शंखनाद और मां के जयकारों से मंदिर परिसर गुंजायमान रहे। श्रद्धा व भक्ति के इस अनूठे संगम में हर कोई मां के चरणों में शीश नवाकर सुख-समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना करता दिखा। मंदिरों में दर्शन का सिलसिला शाम को कपाट बंद होने तक जारी रहा।



मां की पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु ।

शारदीय नवरात्र की सप्तमी तिथि पर शनिवार को जनपद देवीमय नजर आया। मां भगवती के सातवें स्वरूप कालरात्रि की आराधना में श्रद्धालु लीन रहे। शक्तिपीठ कड़ा धाम समेत जिले के सभी देवी मंदिरों में भोर से ही दर्शन-पूजन के लिए भक्तों का तांता लग गया। घंटे-घडियाल की ध्वनि, शंखनाद और मां के जयकारों से मंदिर परिसर गुंजायमान रहे। श्रद्धा व भक्ति के इस अनूठे संगम में हर कोई मां के चरणों में शीश नवाकर सुख-समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना करता दिखा। मंदिरों में दर्शन का सिलसिला शाम को कपाट बंद होने तक जारी रहा। नवरात्र के सातवें दिन मां कालरात्रि के पूजन का विशेष विधान है। मान्यता है कि मां का यह स्वरूप दुष्टों का संहार करने वाला और भक्तों को अभय प्रदान करने वाला है। इसी आस्था के साथ श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया। किसी ने नारियल, चुनरी व पुष्प अर्पित किए तो किसी ने दीप प्रज्ज्वलित कर परिवार की खुशहाली की प्रार्थना की। मंदिरों में महिलाओं, पुरुषों के साथ बच्चों की भी भीड़ रही। छोटे-बड़े सभी देवी मंदिरों में भक्तों की आवाजाही बनी रही। ग्रामीण क्षेत्रों में भी नवरात्र का उत्साह चरम पर दिखाई दिया। शक्तिपीठ कड़ा धाम में दर्शन के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों से श्रद्धालु पहुंचे। मंदिर में मां के दर्शन के बाद भक्तों ने मेले में खरीदारी भी की। पूजा सामग्री, प्रसाद, खिलौनों और घरेलू उपयोग की वस्तुओं की दुकानों पर लोगों की चहल-पहल रही। मेले में परिवार के साथ पहुंचे श्रद्धालुओं ने पूजन के साथ खरीदारी का आनंद लिया। दूसरी ओर, गंगा घाटों पर भी श्रद्धालुओं की भीड़ दिखाई दी। लोगों ने गंगा में स्नान कर मां के दर्शन किए। साथ ही धार्मिक अनुष्ठानों के माध्यम से पुण्य अर्जित करने की कामना की। इस दौरान गांवों व कस्बो व चौराहो में सजे मां के दरबार में भक्तो ने सुबह से ही मां की विधि विधान से पूजा अर्चना किए। इस दौरान मां के जयकारो से पंडालों को गुंजायमान कर दिए। इस दौरान भक्तो द्वारा मां की विधि विधान की पूजा अर्चना करने के बाद प्रसाद आदि का वितरण किया गया। इस दौरान पंडालों में सुरक्षा का भी पुख्ता इंतजाम किया गया है, जिसकी वजह से किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना नहीं होने पाये और भक्तो द्वारा मां की पूजा अर्चना किया जाय, इस दौरान मां के जयकारे से भक्तो ने गुंजायमान कर दिया।